सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग

क्रमांक : एफ5(599)/DoIT/Tech/2012/I/31329/2015 जयपुर, दिनांक : 24/04/2015

समस्त विभागाध्यक्ष (जिला कलेक्टर सहित)/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
समस्त विभाग/ निगम/ बोर्ड/ राजकीय उपक्रम/
स्वायत्तशासी संस्थान/ शैक्षणिक संस्थान।

## परिपत्र

विषयः **विभागीय वेबसाईट्स/ वेब पोर्टल्स/ एप्लीकेशनस पर नोडल अधिकारी से संबंधित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने तथा अद्यतन करने बाबत्।**

विभिन्न विभागीय वेबसाईटों/ वेब पोर्टल्स/ एप्लीकेशनस पर नवीनतम संबंधित विभागीय नोडल अधिकारी की पूर्ण जानकारी (यथा नाम, पदनाम, दूरभाष नम्बर, आई.पी. नम्बर, मोबाईल नम्बर तथा ई–मेल) उपलब्ध नहीं रहती है या अपूर्ण जानकारी रहती है, जो कि राज्य सरकार के निर्देश के विरूद्ध है।

अतः समस्त सरकारी विभागों/ निगमों/ बोर्डस/ राजकीय उपक्रमों/ स्वायत्तशासी संस्थानों/ शैक्षणिक संस्थानों इत्यादि की सभी वेबसाईट्स/ पोर्टल्स/ एप्लीकेशनस पर संबंधित नोडल अधिकारी की पूर्ण जानकारी **(यथा नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, दूरभाष नम्बर, आई.पी. नम्बर, मोबाईल नम्बर तथा ई–मेल)** अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही भविष्य में नोडल अधिकारी के परिवर्तन/स्थानांतरण होने पर उसकी जानकारी वेबसाईट्स/ वेब पोर्टल्स/ एप्लीकेशनस पर तुरन्त अद्यतन करवा कर इस विभाग को oic.website@rajasthan.gov.in पर ई–मेल द्वारा सूचित करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त की पालना सुनिश्चित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी की होगी।

इस परिपत्र के जारी होने के सात दिवस में इसकी अनुपालना सुनिश्चित करें।

( अखिल अरोरा )
शासन सचिव एवं आयुक्त

क्रमांक : एफ5(599)/DoIT/Tech/2012/I/31329/2015 जयपुर, दिनांक : 24/04/2015

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:**

1. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/ प्रमुख शासन सचिव/ शासन सचिव।
2. वरिष्ट निजी सहायक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, राजस्थान, सचिवालय, जयपुर।
4. निदेशक तकनीकी, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड (RISL), योजना भवन, जयपुर।
5. समस्त विभागीय नोडल अधिकारी, (आईटी) / (वेबसाईट) ।
6. समस्त परियोजना प्रभारी अधिकारी, DoIT&C/RISL, जयपुर।
7. प्रभारी अधिकारी, RSDC/SDC, DoIT&C, जयपुर।
8. समस्त सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक)/ एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक)/ प्रोग्रामर/ सहायक प्रोग्रामर/ सूचना सहायक।

( आशुतोष एम. देशपाण्डे )
तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव